॥ ओ३म् ॥

प्रभु से विनय

हे प्रभु! मेरे में वह महानता और सत्ता दो, कि मैं इस यज्ञ वेदी को यहाँ भी अपनाता जाऊँ और सूर्य लोक में जाऊँ तो वहाँ भी इसी प्रकार की वेदी उत्पन्न कर, संसार को ऊँचा बनाता चला जाऊँ। हे देव! आप कल्याण करने वाले हैं। मुझे वह सत्ता दो। यदि मुझे आज्ञा मिले तो मैं ध्रुव मण्डल तक जाऊँ तो वहाँ भी यज्ञ वेदी का प्रसार करूँ। हे प्रभु! मेरा जीवन यज्ञमय हो।

हे प्रभु! हमें वह बल दो, वह सत्ता दो, जिससे विधाता! हम संसार रूपी महान् वेदी की रक्षा कर सकें, जिस वेदी पर नाना प्रकार के खरदूषण जैसे दैत्य आ जाते हैं। हे देव! यहाँ ताड़का जैसे राक्षस यज्ञ वेदी को भ्रष्ट करने आ रहे हैं। हे विधाता! मैं चाहता हूँ वह ताड़का आज मेरे द्वारा न आए, वह खरदूषण मेरे द्वारा न आएँ। आज विश्वामित्र और राम जैसे आ करके हमारी रक्षा करें। आज हमें इस भगवान् राम वाले सदाचार को अपनाना है जिससे यज्ञ वेदी की रक्षा होती है। दैत्यों को शान्त किया जाता है।

पूज्यपाद-गुरुदेव

अंक : 583 कुल पृष्ठ संख्या समग्र अंक : 658
वर्ष : 50 44 समग्र वर्ष : 56

अनुक्रम

क्रम संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
1. प्रभु से विनय	पूज्यपाद-गुरुदेव	3
2. अनुक्रम		4
3. महात्मा जड़भरत (मोक्ष)	पूज्यपाद-गुरुदेव एवम् महर्षि महानन्द जी महाराज	5-16
4. पवित्र राष्ट्र	पूज्यपाद-गुरुदेव	17-32
5. व्यवहार	पूज्यपाद-गुरुदेव	33-34
6. ऋषियों के उद्‌गार		35
7. दान, पुस्तकों की सूची व पुस्तक प्राप्ति के स्थान तथा सूचना इत्यादि		36-42

चतुर्वेद ब्रह्म पारायण महायाग

परमपिता परमात्मा की असीम अनुकम्पा से एवम् पूज्यपाद गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज (पूर्व शृङ्गी ऋषि जी) के शुभ आशीर्वाद से प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी चतुर्वेद ब्रह्म पारायण महायाग का आयोजन लाक्षागृह बरनावा में श्री महानन्द संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में दिनाँक 6 मार्च, 2022 से 13 मार्च, 2022 तक बड़े हर्ष एवम् उल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है जिसमें आप सब अपने सम्बन्धियों व मित्रों सहित सादर आमन्त्रित हैं।

श्री गाँधी धाम समिति (पञ्जी.)

आप सभी को कार्तिक पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएँ।

॥ ओ३म् ॥

महात्मा जड़भरत
(मोक्ष)

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेद वाणी में उस महामना परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाते रहते हैं। क्योंकि वे वेद मन्त्र दिव्य हैं और उनका स्थान अपने में बड़ा अद्वितीय माना गया है और जितनी भी संसार की प्रतिभा अथवा ज्ञान और विज्ञान है वह अपने में सदैव रत्त रहा है और प्रत्येक मानव, अपने में मानवीयता को लाना चाहता है और यह विचारता रहता है कि मेरा मनस्तत्त्व एकाग्रित होकर के परमपिता परमात्मा के अनूठे क्षेत्र में प्रवेश हो जाये। परन्तु जहाँ वेद का मन्त्र साधना की प्रेरणा दे रहा है वहीं वेद मन्त्र कहता है **'यज्ञं भवि ब्रह्मणं ब्रहः'**, कि मानव को अपने में याज्ञिक बनना चाहिए। क्योंकि वे परमपिता परमात्मा तो सर्वत्र याग में परणित रहने वाले हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने वेद के सम्बन्ध में नाना अन्वेषण किए और नाना प्रकार से अपने विचार देते हुए कहा है 'सम्भव ब्राह्मणः सम्भव वृत्ति देवः' कि वह परमपिता परमात्मा अनूठा है और यह संसार रूपी जो एक यज्ञशाला है यह एक महानता में गमन करती रहती है।

नाभि

बेटा! जब ऋषि-मुनि अपनी स्थलियों पर विद्यमान होकर अपने में यह विचार-विनिमय करने लगे कि यह याग क्या है तो आचार्यों ने कहा कि 'यागं ब्रह्मणं ब्रहे नाभ्याम्' यह जो याग है, यह नाभि है, यह पृथ्वी की नाभि

कहलाता है। आगे जब यह प्रश्न किया गया कि महाराज यह याग क्या है? तो महर्षि याज्ञवल्क्य ने कहा, यह ब्रह्माण्ड की नाभि कहलाती है। जब यह कहा गया कि 'यज्ञं भवितम्' नाना ऋषियों के मध्य में यह प्रसङ्ग आता रहा है और विद्यार्थीजन ब्रह्मचारी यह प्रश्न करते रहते थे कि भगवन्! नाभि क्या है? तो महर्षि याज्ञवल्क्य ने कहा, नाभि उसे कहते हैं 'मध्य भुव ब्रहे कृतम्' जो मध्य में रहने वाली है उसका नाम नाभि है। जैसे माता के शरीर में एक नाभि है और नाभि से ही सर्व-स्रोत बह रहा है। इसी प्रकार इस ब्रह्माण्ड की नाभि पृथ्वी है और पृथ्वी के ऊपर मानव अन्वेषण करता रहता है और अन्वेषण करता हुआ नाना प्रकार के लोक-लोकान्तरों को मापने लगता है। मेरे प्यारे! यह पृथ्वी नाभि कहलाती है। परन्तु देखो याग ब्रह्माण्ड की नाभि है। याग उसे कहते हैं जहाँ ब्रह्माण्ड में जो भी सुक्रियाकलाप हो रहा है वह जो सुक्रियाकलाप है उसका नाम याग कहलाता है, देखो 'नाभ्याम् भवितम् ब्रह्मः' यह ब्रह्माण्ड की नाभि है और यह मानव यज्ञशाला में विद्यमान होकर के अपने में बड़ा अद्वितीय क्रियाकलापों में सदैव तत्पर रहा है। आचार्यों ने अपनी स्थलियों में विद्यमान होकर के याग के ऊपर अन्वेषण किया कि यह जो ब्रह्माण्ड है, यह परमपिता परमात्मा के एक यज्ञोमयी स्वरूप का नृत्य है अथवा अपने में क्रियाकलाप हो रहा है। यह पञ्चमहाभूतों की प्रतिभा अथवा उनमें उग्रतव आने पर ही नाना प्रकार के रूपों में रचना हो जाती है और उसी रचना के आधार पर ऋषि-मुनि अपने में विचार-विमर्श करते रहे हैं।

बेटा! मुझे स्मरण आता रहता है मैंने पूर्वकाल में भी इन वाक्यों के ऊपर अपना विचार दिया है। मेरे प्यारे! देखो, मैं बहुत समय से महर्षि शाकल्य मुनि की चर्चा कर रहा था। महर्षि शाकल्य मुनि महाराज ने जब महाराजा नियूष को उपदेश दिया तो महाराजा नियूष से यह कहा, "यद्गम्ब्रहा कृतम्" कि जब तुमने अपने गृह को त्यागा तो तुमने नाभि को दृष्टिपात किया? तो वह बोले प्रभु! मैंने किया है। उन्होंने कहा, नाभि क्या है? उन्होंने कहा 'यज्ञां भूतं ब्रह्मः' कि **याग ही नाभि कहलाती है।** जो मानव स्वाहा उच्चारण कर रहा है वह ब्रह्माण्ड की नाभि बन करके रहता

है। तो इसीलिए 'नाभ्याम् ब्रह्मणः' जब उन्होंने इस प्रसङ्ग को लिया तो महात्मा जड़भरत बड़े प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा प्रभु! चलो आज यहाँ से गमन करते हैं और भ्रमण करते हुए याग में परणित होंगे।

महर्षि वैशम्पायन ऋषि के आश्रम में प्रवेश

मेरे प्यारे! मुझे स्मरण आता रहता है, महर्षि मानो महात्मा जड़भरत और उनके प्रियतम राजा, महाराजा नियूष उनका नामोकरण उन्होंने किया। इस नामोकरण के पश्चात् उनका नामोकरण 'मृचिका' उन्होंने निहित किया। तो महर्षि मृचिका और महात्मा भरत वहाँ से गमन करते हैं और भ्रमण करते हुए वैशम्पायन का एक आश्रम था निकटतम, उस आश्रम में पहुँचे। तो महर्षि वैशम्पायन ने उनको आसन दिया और वे विराजमान हो गए। महर्षि वैशम्पायन ने उन की आकृति, उनके नेत्रों से और उनके क्रियाकलापों से यह जान लिया कि यह तो पूर्व जन्म के शाकल्य मुनि हैं, जो मोक्ष के निकट चले गये थे और यह पुनः विवेकी बन गये हैं। उन्होंने कहा, 'चरणं ब्रह्मे कृतम्' हे ऋषिवर! अब तो आप साधक बन गए हैं पुनः से और मोक्ष के निकटतम् जाना चाहते हो, यह बड़ा हर्ष का विषय है। तो महात्मा जड़भरत ने कहा कि मैं आत्म-तत्व में अभी इतना नहीं पहुँच पाया हूँ जितना मैं पूर्वकाल में गतिवान् हो गया था। महर्षि वैशम्पायन बोले, ऐसे में तो मानो अभी देरी लगेगी, परन्तु, तुमने अपनी पगडण्डी को अपना लिया है इस पगडण्डी पर गमन करने वाला, एक समय उस स्थान पर परणित हो ही जाता है अथवा अपनी स्थिर स्थितियों में रत्त हो जाता है।

महर्षि अगस्त्य मुनि महाराज का हृदयरूपी यज्ञशाला में याग

मेरे प्यारे! उन्होंने कहा, हम वहाँ जाना चाहते हैं जहाँ महर्षि शिकामकेतु उद्दालक के यहाँ नाना प्रकार का अध्ययन होता रहता है। महर्षि वैशम्पायन बोले, चलो भगवन्! मैं भी आपके सहित गमन करना चाहता हूँ। देखो, वहाँ से उन्होंने प्रस्थान किया और वे भ्रमण करते हुए महर्षि अगस्त्य मुनि का आश्रम उन्हें कहीं प्राप्त हो गया तो महात्मा अगस्त्य के द्वार पर

पहुँचे। महात्मा अगस्त्य मुनि महाराज उस समय हृदय रूपी यज्ञशाला में लगे हुए थे। तब उन 'त्रि वरणं ब्रह्मः' तीनों ने ऋषि के चरणों की वन्दना की और कहा, कहो भगवन्! आप कहाँ परणित हो रहे हैं? उन्होंने कहा, मैं देखो, हृदयरूपी यज्ञशाला में याग कर रहा हूँ। उन्होंने कहा, हृदयरूपी यज्ञशाला किसे कहते हैं? उन्होंने कहा, **हृदयरूपी यज्ञशाला उसे कहते हैं जहाँ प्रत्येक इन्द्रिय के साकल्य को एकत्र किया जाता है** मानो जहाँ रसना से रसों का साकल्य और त्वचा से प्रीति का साकल्य और घ्राण-इन्द्रिय से मन्द-सुगन्ध का साकल्य और श्रोत्रों से शब्दों का साकल्य और नेत्रों से 'अमृत' रूप का साकल्य, मैं एकत्रित कर रहा हूँ और यह जब मैंने एकत्रित कर लिया है तो 'वश्यम् ब्रह्मः' इसको साकल्य बना करके हृदयरूपी यज्ञशाला में मैं प्रवेश हो गया हूँ और मैं मानो याग कर रहा हूँ क्योंकि हृदयरूपी यज्ञशाला में, हृदय ही में तो सर्व साकल्य निहित होता है। जैसे एक मानव रूप को दृष्टिपात करता है क्योंकि नेत्रों का देवता अग्नि है और अग्नि का मौलिक गुण रूप है और उसकी स्थिति हृदय में हो जाती है। मानो शब्दः और श्रोत्र जिससे वह शब्द श्रवण किया जाता है और उसका देवता दिशायें कहलाती हैं। परन्तु सर्व दिशायें समाहित होकर के, समावेश हो करके उनका साकल्य बन करके मानो शब्द की स्थिति भी हृदय में निहित हो जाती है।

इसी प्रकार मेरे पुत्रो! उन्होंने कहा, 'सम्भव ब्रवेः नेत्राणि गच्छातम्', ये जो नेत्र हैं इनका देवता अग्नि है और ये नेत्र, अग्नि के स्वरूप में, रूप को दृष्टिपात करते रहते हैं और उसकी स्थिति भी हृदय में है। अरे! रूप, रस-गन्ध इत्यादि सब ये हृदय से ही तो मानव उद्गीत गाता रहता है। आज मेरा हृदय प्रियता को प्राप्त नहीं हुआ, अन्न भी मुझे प्रिय नहीं लगा है, ऐसा मानो मन कहता रहता है। परन्तु मैंने इन पञ्चीकरण साकल्य को ले करके एकत्रित किया, उसका साकल्य बना करके उसे हृदय रूपी यज्ञशाला में मैं स्थापित करना चाहता हूँ। मानो यही प्रसङ्ग ले करके और मेरा हुत नहीं हो रहा है, उसी हुत के लिए मैं आज महर्षि उद्दालक गोत्र में प्रवेश करना चाहता हूँ।

मेरे प्यारे! देखो, वहाँ से उन्होंने गमन किया और महर्षि अगस्त्य मुनि महाराज ने भी उनके सङ्ग ही प्रस्थान किया और कहा, महाराज, मैं भी इसे जानना चाहूँगा। तुम्हारी उत्कृष्ट इच्छा तो केवल मिलन की है और मेरे हृदय में जो ग्रन्थी लगी हुई है उसका मैं स्पष्टीकरण चाहता हूँ। महात्मा भरत मगन रहे। बेटा! देखो, महर्षि वैशम्पायन, महर्षि मृचिका, महात्मा जड़भरत और 'मंगल वहेः कृतं देवत्वाम् ब्रह्मणे' महात्मा अगस्त्य मुनि महाराज इन सभी ने यहाँ से गमन किया और भ्रमण करते हुए महर्षि उद्दालक गोत्र में पहुँचे। क्योंकि हमारे यहाँ उद्दालक गोत्र बड़ा ही विज्ञानवेत्ताओं का माना गया है। बेटा! जहाँ भौतिक-विज्ञान और आध्यात्मिक-विज्ञान को, दोनों को मापा गया है।

महर्षि शिकामकेतु व उनकी दिव्या द्वारा ब्रह्मवेत्ताओं का स्वागत

मुनिवरो! जब वे उनके द्वार पर पहुँचे तो उनकी पत्नी रम्भेश्वरी ने और महर्षि शिकामकेतु उद्दालक ने उनके चरणों की वन्दना की, क्योंकि वे अतिथि थे और अतिथि होने के साथ ऋषि भी थे और वह ब्रह्मवेत्ता ऋषि कहलाते थे जो सदैव ब्रह्म के ऊपर ही चिन्तन करते रहते थे। देखो, जब 'अमृत' उनका स्वागत किया गया मानो कुछ कन्दमूल लाये और कन्द मूल आदि से जब उनका स्वागत किया वे बड़े प्रसन्न हुए और प्रसन्न चित्त हो करके बोले, 'सम्भूति ब्रह्मणे वृत्तम्' हे ब्रह्मवेत्ताओं! कैसे तुम्हारा आगमन हुआ है?

हृदयरूपी यज्ञशाला में हुत साकल्य की गति

उन्होंने कहा, हे प्रभु! हम इसलिये आये हैं, हे प्रभु! मैं एक याग कर रहा हूँ और मैं हृदय के साकल्यों को तो जान गया हूँ परन्तु साकल्य जब हृदय में समाहित हो जाते हैं जब मैं उसका हुत कर लेता हूँ तो उसकी क्या गति होती है, यह भगवन्! मैं नहीं जान पाया हूँ और इसीलिए मैं आपके चरणों की वन्दना कर रहा हूँ कि मेरे हृदय में जो ग्रन्थी लग गई है, इसका स्पष्टीकरण किया जाये। महात्मा अगस्त्य ने जब ऐसा कहा तो महर्षि शिकामकेतु उद्दालक मुनि बोले, भगवन्! आप कितने समय से इनका साकल्य बना रहे हो? उन्होंने

कहा, प्रभु! मुझे बहुत समय हो गया है और मैं साकल्यों को तो जान गया हूँ जिनकी स्थिति हृदय में समाहित हो जाती है। वे हृदय का धर्म और मनोवृत्ति कहलाती है। तो हे प्रभु! मैं यह जानना और चाहता हूँ कि इसकी क्या स्थिति हो जाती है? महर्षि शिकामकेतु उद्दालक मुनि ने कहा, हे प्रभु! 'अमृताम् दिव्यम् ब्रह्मणे लोकां वायुः सम्भवम् ब्रह्मः वृत्तोः' हे भगवन्! हे ऋषिवर! हे ब्रह्म को जानने वाले ब्रह्मनिष्ठः हृदय की उस स्थिति के पश्चात् मानो **हृदय विवेक में जब प्रवेश हो जाता है तो हृदय का परमात्मा के हृदय से मिलान होता है।** जिज्ञासु का हृदय, एक ऋषि का हृदय और परमात्मा के हृदय का दोनों का मिलान होता है। और **वह जो स्थिति है वह चेतना और प्रकाश की स्थिति है और वह राष्ट्र की स्थिति है** क्योंकि परमात्मा का राष्ट्र सर्वभौम कहलाता है, विश्वभान कहलाता है। इसी प्रकार हम, 'मनप्रमाणं ब्रवेः' ऋषि ने कहा हम परमात्मा में स्थित हो जायें। महात्मा अगस्त्य मुनि महाराज का हृदय उनकी वार्त्ताओं से सन्तुष्ट हो गया। उन्होंने कहा, धन्य है प्रभु! **परमात्मा के हृदय का और मानव के हृदय का जहाँ समावेश हो जाता है वहीं तो उत्पत्ति का मूल बनता है और वहीं यह जगत् अपने में स्थित हो जाता है।** तो ऐसा बेटा! ऋषि ने वर्णन किया। महात्मा अगस्त्य मुनि महाराज तो शान्त हो गये।

अमृत प्रदान करने वाली नाभि

मुनिवरो! देखो! अब महात्मा भरत ने एक प्रश्न किया कि महाराज ये जो ऋषि हैं, इन ऋषि के हृदय में एक ग्रन्थी लग गई है और एक जिज्ञासा है। महात्मा शिकामकेतु उद्दालक ने कहा, हे भरत! तुम्हारे हृदय में तो कोई ग्रन्थी नहीं है क्योंकि आप तो जन्म-जन्मान्तरों में ग्रन्थियों का स्पष्टीकरण करते चले आये हो। तुम्हारे हृदय में तो कोई ग्रन्थी नहीं रही है। उन्होंने कहा, नहीं प्रभु! तो उन्होंने कहा, तो तुम अपने में जिज्ञासा क्यों प्रकट कर रहे हो? जिसको जिज्ञासा हो वह मेरे से प्रश्न कर सकता है। महात्मा जड़भरत तो अपनी आत्मा में लीन हो गये और वह आत्मा का चिन्तन करने

लगे। परन्तु देखो, मृचिका ऋषि ने यह प्रश्न किया, यह जिज्ञासा प्रकट की कि प्रभु! मैं इससे पूर्वकाल में अपनी उपाधियों से अलंकृत हूँ। मेरी जो राष्ट्रीय उपाधि थी, मेरा नामोकरण महाराजा नियूष है और उन्होंने, मेरे ऋषि ने, पूज्यपाद देव ने मेरे जीवन का, शरीर का परिवर्तन किया है और उसी परिवर्तन के आधार पर मैं अपने वाक्य को उद्गीत गा रहा हूँ। उन्होंने कहा, बहुत प्रियतम्! उच्चारण करो। तो उन्होंने कहा, प्रभु! मैं इनके चरणों में विद्यमान हूँ। इन्होंने मुझसे एक प्रश्न किया था कि तुम्हारी नाभि क्या है उन्होंने कहा प्रभु! मैं नाभि को जानना चाहता हूँ। शिकामकेतु उद्दालक ने कहा, तुम कौन-सी नाभि को जानना चाहते हो? उन्होंने कहा कि जिस नाभि से मानव को अमृत प्राप्त होता है मैं उस नाभि को जानना चाहता हूँ। उन्होंने कहा, देखो, जिस नाभि को तुम जानना चाहते हो वह मध्य में रहती है और वह 'मध्याम् भूः वर्णम् ब्रह्मे कृतम्' मध्य में रहने वाली नाभि है। उस नाभि को जानने के लिए तुम आये हो और वह नाभि 'अमृतम्' कहलाती है उससे अमृत प्राप्त होता है। सबसे प्रथम नाभि से ही मानव का जीवन है। माता के शरीर में एक नाभि है और उस नाभि के द्वारा शिशु को रसों का स्वादन होता है बाल्य की नाभि और माता की नाभि का एक ही समन्वय रहता है तो वहाँ अमृत प्राप्त होता है। तो माता की नाभी और अपनी नाभी अपने में ही रसों का स्वादन करते रहते हैं और एक नाभि वह कहलाती है जो परमपिता परमात्मा के 'आङ्गनम्ववेः' ब्रह्माण्ड की नाभि कहलाती है। यह जो **पृथ्वी है यह ब्रह्माण्ड की नाभि है** क्योंकि जब भी वैज्ञानिकजन अपने में गतिवान् होते हैं, परमात्मा के इस विज्ञान में रत्त होना चाहते हैं तो उसी समय 'नाभ्याम् भवितम् ब्रह्मणेः कृतम्' वे नाभि के ऊपर अन्वेषण करते हैं और विज्ञानवेत्ता जब आता है तो वह पृथ्वी को जानता है क्योंकि पृथ्वी के गर्भ में नाना प्रकार का खाद्य और खनिज-पदार्थ होने से ही वह नाभि बन करके यज्ञशाला कहलाती है। **यज्ञ के द्वारा ही नाना प्रकार की सुगन्धियाँ उत्पन्न होती हैं** और वह सुगन्धी ही वायु मण्डल में ऊर्जा में प्रवेश होती है और वे तरङ्गें ही पृथ्वी के गर्भ में 'नाभ्याम्ब्रहे' नाना प्रकार की

तरङ्गों में तरङ्गों का मिलन होता रहता है और वही नाभि कहलाती है जिससे मानव ज्ञान और विज्ञानवेत्ता बन जाता है और विज्ञान में रत्त हो करके अपनी आभा में रत्त हो जाता है।

मुनिवरों! आता रहता है, वेद का मन्त्र कहता है 'नाभ्याम् ब्रह्मणे'। देखो, महर्षि शिकामकेतु उद्दालक ने कहा, यह नाभि है **और यज्ञ की एक नाभि और है जिसे अग्नि कहते हैं** जो देवताओं की नाभि कहलाती है 'देवां भूतं देवात्वां ब्रह्मणेः' देखो, अग्नि में जब यजमान अपनी यज्ञशाला में विद्यमान होकर के हुत करता है, अग्नि को समर्पित करता है तो यही **अग्नि बेटा! देवताओं की नाभि कहलाती है, देवताओं का मुख कहलाता है।** जैसे बाल्यकाल में नाभि के द्वारा रसोस्वादन होता रहता है इसी प्रकार बाह्य-जगत में इस नाभि से यह जो अग्नि है यह देवताओं का मुख कहलाता है। **जहाँ अग्नि है वहीं देवताओं का मुख है।** हुत कर रहा है और हुत करके ही वही देवताओं को प्राप्त होता है। जब पृथ्वी को प्राप्त होता है तो यह पृथ्वी नाना प्रकार के व्यञ्जनों वाली बन जाती है, नाना प्रकार के व्यञ्जनों में रत्त हो जाती है और रत्त होकर के नाभि बन करके यह नाना प्रकार के व्यञ्जनों वाली बन करके देवता जागरूक हो जाते हैं और उसी देवत्व को प्राप्त होकर 'ब्रह्मणे वृत्तम्' उसी नाभि से हम ज्ञान और विज्ञान की उड़ान उड़ने लगते हैं और परमात्मा के अमूल्य जगत् को दृष्टिपात करने लगते हैं।

मेरे प्यारे! मैं विशेषता में तुम्हें ले जाना नहीं चाहता हूँ। विचार केवल यह प्रकट कराना चाहता हूँ कि 'नाभ्याम् ब्रह्मणे कृतम्'। तो देखो, उस समय महाराजा नियूष की वह ग्रन्थी स्पष्टीकरण हो गई और उन्होंने कहा, उसका समन्वय नाभि से हो जाता है। परमात्मा की नाभि से उसका अमूल्य समन्वय हो करके अपने में धारयामि बन जाता है, विचारता रहता है तो 'नाभो अमृतत्' वही **परमपिता परमात्मा सर्वत्र नाभि है,** वह मानो चेतना में बद्ध है, यज्ञमयी स्वरूप है। तो देखो, 'यज्ञम् ब्रह्मः' **याग ही संसार की नाभि कहलाता है, ब्रह्माण्ड की नाभि है।** जहाँ से देखो चहुँमुखी तरङ्गें तरङ्गित हो

करके और वायुमण्डल में प्रवेश हो करके द्यौ को प्राप्त हो जाती हैं और मानव का चित्र, मानव के शब्द और मानव का जो क्रियाकलाप है वह अग्नि की धाराओं पर देवत्व को प्राप्त हो करके द्यौ में प्रवेश हो जाता है।

मोक्ष

मेरे प्यारे! देखो, शिकामकेतु उद्दालक ने यह जब अपना निर्णय दिया तो वह बड़े प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा, कहो हे महात्मन् भरत! आप तो जड़भरत हैं, आप तो जड़ की भाँति रहते हैं संसार में और ब्रह्म-विद्या में लीन रहते हैं। हे प्रभु! आपकी कोई जिज्ञासा हो तो कहो? महात्मा जड़भरत ने कहा, प्रभु! मुझे जिज्ञासा नहीं होती है। मैं अपने में जिज्ञासा का समाधान कर लेता हूँ। यदि कोई होती भी है तो मैं अपने में ही समाधान कर लेता हूँ। मुझे तो प्रभु! मोह हो गया था और मोह के कारण मैं कहाँ चला गया। मैं प्रवृत्तियों में रत्त हो गया हूँ। महात्मा ने कहा, हे राजब्रहेः! हे महात्मन्! हे आत्म ब्रह्मेः! तुम तो आत्मा में लीन पुनः हो जाओगे, परमात्मा में तुम्हारी स्थिति हो जायेगी और तुम बहुत काल तक के लिये तुम कल्प-कल्पान्तरों में रमण करते हुए परमात्मा के आनन्द में पुनः चले जाओगे। ऋषि ने यह वाक्य प्रकट किया तो उनकी शंकाओं का निवारण हो गया। देखो, हृदय में जो ग्रन्थी होती है उसका स्पष्टीकरण होना बहुत अनिवार्य है। अब मैं अपने विचारों को विराम दे रहा हूँ और मेरे प्यारे महानन्द जी दो शब्द उच्चारण करेंगे।

पूज्य महर्षि महानन्द मुनि जी के उद्‌गार

ओ३म् देवः हिरण्यम् रथः विश्वा रूपम् ब्रवोः कृतः।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव! मेरे भद्र ऋषि मण्डल! अभी-अभी मेरे पूज्यपाद गुरुदेव! गागर में सागर की कल्पना कर रहे थे। मानो कई समय से ऋषि की चर्चा कर रहे थे और वह चर्चा कितनी भव्य है। मानव का जीवन कहीं का कहीं चला जाता है। मानव के जीवन में नाना प्रकार के ध्रुवा और ऊर्ध्वा में गमन करने की प्रवृत्तियाँ उत्पन्न होती रहती हैं। आज मैं विशेषता

में नहीं जाना चाहता हूँ। जहाँ हमारी यह वाणी जा रही है वहाँ एक याग का आयोजन हुआ। क्योंकि यह जो काल है, वर्तमान का, यह वाममार्ग काल कहलाता है। वाममार्ग उसे कहता हूँ जब बहुतायत में राष्ट्र में जब वाममार्ग की प्रतिक्रिया आ जाती है तो मानवीयता का ह्रास होना प्रारम्भ हो जाता है। तो उसको हमारे यहाँ वाममार्ग कहा जाता हैं जो उल्टे मार्ग पर गमन करने वाला हो। इसीलिए मैं इस सम्बन्ध में कोई चर्चा नहीं करूँगा।

यजमान को आशीर्वाद

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव ने मुझे सूक्ष्म सा समय दिया, उसमें केवल यही है कि मेरा जो अन्तर्हृदय है वह यजमान के साथ रहता है। यजमान के जीवन का सौभाग्य सदैव अखण्ड बना रहे और उनके हृदय में और उनके गृह में मानो द्रव्य के सदुपयोग की प्रवृत्ति बनी रहे। जिससे गृह में उन्नति होवे और गृह उन्नत होकर के ही अपने जीवन को महान् बनाता रहे और परमपिता परमात्मा और वेद की शिक्षा और उसके ऊपर अपना आचरणीय जीवन बनाता रहे।

मेरे पूज्यपाद गुरुदेव कैसी वेद की ग्रन्थियों के ऊपर अपने विचार देते रहते हैं। मानो जैसे ये महात्मा शाकल्य की चर्चायें तीन दिवस से प्रकट कर रहे हैं। **हमारे ऋषि-मुनियों का एक बड़ा-विचित्र मन्तव्य रहा है** कि यदि हमारे विचार में कोई वाक्य नहीं आया तो दूसरे ऋषि के द्वार पर जाओ, वहाँ उसका निर्णय करो और यदि वह वहाँ भी निर्णय न हो तो तृतीय स्थान में जाओ, वहाँ अपना निर्णय करो। यह **आध्यात्मिकवाद** कहलाता है और इस आध्यात्मिकवाद की प्रवृत्ति में मानव अपने में महान् बना रहे। तो विचार आता रहता है कि आध्यात्मिकवाद, मेरे यजमान के हृदय में प्रवेश होता रहे और द्रव्य का सदैव सदुपयोग होता रहे और उनके जीवन का सौभाग्य अखण्ड बना रहे।

जीवन महान् बनाने की प्रेरणा

आज मैं विशेष चर्चा प्रकट नहीं करूँगा, क्योंकि, मुझे अपने पूज्यपाद

गुरुदेव से इतना ही वाक्य उच्चारण करना था। विचार केवल देखो, विचार तो बहुत हैं संसार में, उन विचारों में मैं पुनः से जाना नहीं चाहता हूँ। विचार केवल यही है कि हमारे जीवन में महानता की प्रवृत्ति का जन्म होता रहे और हमारा जीवन महान् बन करके इस संसार सागर से पार हो जाये। क्योंकि प्रत्येक मानव अपना उत्थान चाहता है जैसा मेरे पूज्यपाद गुरुदेव प्रकट करा रहे थे। प्रत्येक मानव प्रकाश में रहना चाहता है, अन्धकार से दूरी होना चाहता है। राष्ट्रवेत्ता भी प्रकाश में जाना चाहता है, वह भी अन्धकार में रहना नहीं चाहता परन्तु देखो, जब स्वार्थपरता आ जाती है तो मानव में अन्धापन आ जाता है मानो वही अज्ञान में प्रवेश हो जाता है, अज्ञान आ जाता है क्योंकि जो अपनी व्यक्तिगत स्वार्थपरता है और उसमें बलवती हो जाये तो देखो वही वाममार्ग की परम्परा पर चला जाता है। तो विचार आता रहता है कि स्वार्थपरता समाप्त हो करके राष्ट्रवेत्ता अपने राष्ट्र को उन्नत बनाते रहें। यह प्रत्येक मानव का कर्त्तव्य बना हुआ है और यही आभा में परणित होने के लिए तत्पर है। तो देखो, आज का विचार क्या? हम अपने देव को, अपने पूज्यपाद गुरुदेव के चरणों की वन्दना करते हुये 'जन्मान्नतनध ानब्रवेः' अपने नाना रूपों में अपने विचार देते रहते हैं जिससे हमारा जीवन नवीन होता रहता है। **मानव के विचारों से ही विचारों का परिवर्तन होता रहता है और वही महान् बना देता है।** तो यह है आज का विचार, अब मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा पाऊँगा और केवल मेरा यही वाक्य है कि हे यजमान! तुम्हारे जीवन का सौभाग्य अखण्ड बना रहे, गृह में देखो द्रव्य का सदुपयोग होता रहे और आयु का अपने में देखो आत्मा से घनिष्ठ समन्वय होना चाहिये। यह आज का वाक्य समाप्त। मैं अपने पूज्यपाद गुरुदेव से आज्ञा पाऊँगा।

पूज्यपाद-गुरुदेव

मेरे प्यारे महानन्द जी ने अभी-अभी अपना कुछ विचार दिया। इनके विचारों में उदारता, हृदयग्राही रही है। आज का यह विचार क्या कह रहा है

कि हम अपने में याग की नाभि के ऊपर विचार करते चले जायें क्योंकि आध्यात्मिक और भौतिक याग दोनों का अपने में समन्वय हो जाता है। यह पृथ्वी नाभि है, वैज्ञानिक रूपों से मानव के शरीर में नाभि है, पालना के रूपों में और देखो यह जो नाभि ब्रह्माण्ड की है, यह ब्रह्माण्ड को जानने के लिए है और यज्ञरूपी जो नाभि इस पर विचार-विनिमय करके अग्नि को मुख मानकर और अग्नि को नाभि स्वीकार करके ही हम अपने जीवन को उन्नत बनायें। यह आज का विचार अब सम्पन्न होने जा रहा है, समय मिलेगा शेष चर्चायें कल प्रकट करेंगे।

आज का विचार यह कि वह परमपिता परमात्मा महान् है, पवित्रतम् है, महानता की वेदी पर रमण करने वाला है। यह है आज का वाक्। अब समय मिलेगा तो मैं शेष चर्चायें कल प्रकट करूँगा। आज का वाक्य समाप्त, अब वेदों का पठन-पाठन होगा।

वेद पाठ.....

महर्षि महानन्द जी — अच्छा भगवन्!
पूज्यपाद-गुरुदेव — आनन्दित रहो!

दिनाँक : 14 अप्रैल, 1990
समय : प्रातः 11.00 बजे
स्थान : श्री अजय शर्मा
एल.आई.सी. कालोनी,
शाहदरा, दिल्ली

सूचना

पूज्यपाद गुरुदेव ब्रह्मर्षि कृष्णदत्त जी महाराज द्वारा संस्थापित वैदिक अनुसन्धान समिति (पञ्जी) दिल्ली को दानदाताओं द्वारा दान देने पर आयकर विभाग की धारा 80-जी के अन्तर्गत छूट की सुविधा है।

–वैदिक अनुसन्धान समिति (पञ्जी.)

॥ ओ३म् ॥

पवित्र राष्ट्र

जीते रहो!

देखो मुनिवरो! आज हम तुम्हारे समक्ष पूर्व की भाँति कुछ मनोहर वेद मन्त्रों का गुणगान गाते चले जा रहे थे। ये भी तुम्हें प्रतीत हो गया होगा, आज हमने पूर्व से जिन वेद मन्त्रों का पठन-पाठन किया। हमारे यहाँ परम्परागतों से ही उस मनोहर वेद वाणी का प्रसारण होता रहता है जिस पवित्र वेद वाणी में उस मेरे देव परमपिता परमात्मा की महिमा का गुणगान गाया जाता है क्योंकि वे परमपिता परमात्मा अनुपम हैं। मानो जितना भी ये जड़-जगत अथवा चैतन्य-जगत हमें दृष्टिपात् आ रहा है इस सर्वत्र ब्रह्माण्ड के मूल में प्रायः वह मेरा देव दृष्टिपात् आ रहा है। क्योंकि वो महान् है, विज्ञान उसका आयतन माना गया है। क्योंकि जितना भी ज्ञान और विज्ञान है मानो यह उस परमपिता परमात्मा का आयतन माना गया है। अथवा ये उसका सदन है, उसका गृह है। जितना भी आध्यात्मिक-विज्ञान है, उस आध्यात्मिक-विज्ञान में मानव रत्त होता हुआ और आध्यात्मिकवेत्ता उस आभा में परणित हो जाता है, उस परमपिता परमात्मा के राष्ट्र में परणित हो जाता है जहाँ बेटा! आलस नहीं रहता, प्रमाद नहीं रहता। जहाँ अन्धकार नहीं होता, जहाँ रात्रि नहीं होती, वहाँ सदैव दिवस ही दिवस रहता है।

आध्यात्मिकवाद और भौतिकवाद

आध्यात्मिक विज्ञानवेत्ता अन्त में बेटा! प्रकाश में रत्त हो जाते हैं। और जितने ये भौतिक विज्ञानवेत्ता हैं, मानो ये अपने में अनुसन्धान करते हुए और विचार-विनिमय करते हुए और क्रियात्मक परमाणुवाद को जानते हुए अन्तिम मानो चरण उनका अन्धकार का होता है। अन्धकार का क्यों होता है क्योंकि एक-एक किरणों को ये अपनी गणना में लाते रहते हैं और अपनी आत्मीयता

का उनको बोध नहीं होता। आत्मा का प्रकाश न रहने से मानो वो प्रकृति के परमाणुओं को ही अपने में ग्रहण करते रहते हैं। उनमें एक-दूसरी तरङ्गों का समन्वय करते रहते हैं। परन्तु उनका तरङ्गोंवाद होता-होता मानो देखो अन्त में वो संसार से चले जाते हैं। अपना आत्मतत्त्व कुछ होता नहीं प्रकृति के आवेशों में सदैव रत्त रहते हैं। और प्रकृति की जितनी तरङ्गें हैं, उसमें शून्यता है। मानो प्रकृतिवाद में जितनी वृत्तियाँ हैं वो मानव के पास में ही रह जाती हैं परन्तु वो मानव अपने में अधूरा ही दृष्टिपात् करता है।

आओ मेरे प्यारे! आज मैं तुम्हें इस सम्बन्ध में आध्यात्मिक या भौतिकवाद में ले जाना नहीं चाहता। आज मैं तुम्हें उसी क्षेत्र में ले जाना चाहता हूँ जहाँ ऋषि-मुनियों की गोष्ठियाँ होती रहती हैं। जहाँ ऋषि-मुनियों के अपने-अपने विचार मानो प्रगट होते रहते हैं। उसी आभा में तुम्हें ले जाना चाहता हूँ।

विष्णु का स्वरुप

आज का हमारा वेद मन्त्रः मानो विष्णु की विवेचना कर रहा था। और विष्णु के स्वरुप में केवल इतना ही हमने पुरातन काल में भी, वर्तमान काल में भी मानो विष्णु का एक ही स्वरुप है—जो पालन करने वाला है और वो पालन करने वाला मानो सत्यता से होता है। माता यदि पालन कर रही है तो वो विष्णु है। राजा पालन कर रहा है तो विष्णु है। आचार्य अपने में पालना कर रहा है तो बेटा! वह विष्णु है। सूर्य प्रकाश देकर के पालना कर रहा है तो वो विष्णु है। चन्द्रमा अमृत बहा रहा है तो वो मानो अमृतमयी विष्णु है। विष्णु के बहुत से पर्यायवाची शब्द हैं। आत्मा का नामोकरण भी विष्णु है। तो मुनिवरो! देखो **जो भी पालन करता है उसी का नाम विष्णु है।** तो आज मैं विष्णु की विवेचना में तो जाना नहीं चाहता हूँ।

महाराजा अश्वपति के यहाँ ऋषि-मुनियों का चिन्तन

विचार केवल ये है आज मैं बेटा! तुम्हें उस क्षेत्र में ले जाना चाहता हूँ

जहाँ महाराजा अश्वपति के यहाँ नाना ऋषि-मुनियों का आगमन हुआ और नाना ऋषि-मुनि अपने-अपने कक्षों में से क्रियाओं से निवृत हो करके और मानो उसी सभा स्थली पर विद्यमान हो गए। मानो देखो नाना ऋषि-मुनियों का अपना-अपना विचार प्रगट हो रहा था। ऋषि-मुनियों की अपनी-अपनी विचारधाराएँ, अपनी शैलियाँ बड़ी विचित्र रही हैं। और वह ऋषि-मुनियों ने अपना-अपना वक्तव्य दिया। मानो किसी ने कहा कि माता को शिक्षित बनाना चाहिए ये जन-समूह पवित्र बन जाएगा। मानो यहाँ से वाक्य का प्रारम्भ हुआ—किन्हीं ने कहा कि ब्रह्मचारियों को शिक्षा लेने—वानप्रस्थ शिक्षा प्रदान करने वाला, ब्रह्मचारी अपने में आचार्य के अङ्ग-सङ्ग से वह स्वतः पवित्र और तपस्वी बन सकते हैं। तो अपनी-अपनी स्थलियों में बेटा! वाक्य बड़े प्रिय और सुन्दर थे। महाराजा अश्वपति अपने में प्रसन्न हो रहा है और देखो आचार्यों ने अपना वक्तव्य देना प्रारम्भ किया।

महात्मा कवन्धि के उद्‌गार

अब मुनिवरो! देखो इन वक्तव्यों में देने वालों में ब्रह्मचारी कवन्धि ने अपना विचार देना प्रारम्भ किया। ब्रह्मचारी कवन्धि बोले कि महाराज हम सब जो उपस्थित हुए हैं, वे इसलिए उपस्थित हुए हैं, क्या राष्ट्रवाद का कैसे कल्याण हो और ये राष्ट्र कैसे ऊँचा बने। मेरे प्यारे! देखो इसमें महात्मा कवन्धि ने अपना विचार देना प्रारम्भ किया। उन्होंने कहा, राजा का राष्ट्र हो या साधारण प्रजा हो, क्या विद्वानों की अपनी-अपनी विचारधाराओं में नाना प्रकार की गोष्ठियाँ हों, परन्तु राष्ट्र और गृह जब तक ऊँचे नहीं बनते जब तक बुद्धिजीवी प्राणी नहीं होते और बुद्धिजीवियों के साथ में तपस्या होनी चाहिए।

बुद्धिजीवी प्राणी

बुद्धिजीवी एक तो वह होते हैं जो अक्षरों के बोधि होते हैं, अक्षरों के जानने वाले होते हैं। वे अपना विचार भी देते हैं परन्तु स्वतः अपने में

अक्षर-बोधि होते हैं। जो अपने में अक्षर-बोधि होता है और वक्तव्य देने वाला हो, उस मानव को विशेष मानो बुद्धिजीवी नहीं कहा जा सकता। एक बुद्धिजीवी वे होते हैं, जो बुद्धिजीवी मानो जो विचार देते हैं, उन विचारों को अपने जीवन में लाने का प्रयास करते हैं और विचारते-विचारते वो गम्भीर मुद्रा में परणित हो जाते हैं। मानो एक वह जितना उन्होंने अक्षरों का बोध किया है, जितना उन्होंने जाना उससे अपने जीवन को ले जाने का जो प्रयास करता है, एक बुद्धिजीवी वह प्राणी होता है। तृतीय बुद्धिजीवी वह प्राणी होता है, जो निष्पक्ष होता है, मानो वो संसार के इस वैभव से मान और अपमान से जो उपराम होता है। और वह मान और अपमान से उपराम होकर के वे मानव को, राष्ट्र को एक ऊर्ध्वा में दशा प्रदान करता है। और वह जो दशा है वह कैसी है, मानो देखो वो योगेश्वर बनाने के लिए मानो तत्पर होती है। वो राजा को भी कहता है कि तू अपने में योगी बन और प्रजा को भी कहते हैं कि तू अपने में प्रजाओं योगी बनो।

अब **योग किसे कहते हैं** बेटा! हमारे यहाँ योग की परिभाषा बड़ी-बड़ी विचित्र मानी गयी हैं। किन्हीं आचार्यों ने तो योग के सम्बन्ध में ये कहा है क्या हम **परमपिता परमात्मा और प्रकृति** का, **दोनों का समन्वय एक सूत्र में करते चले जाएँ, वो योग है।** परन्तु किन्हीं आचार्यों ने कहा क्या नहीं अपनी इन्द्रियों को संयममय बनाना है और इन्द्रियों के साकल्यों को एकत्रित करके वह अपने हृदय-रुपी यज्ञशाला में जो याग कर रहा है और याग करता-करता वो मानो देखो अपने में याज्ञिक बन जाता है उसको हमारे यहाँ योगी कहा जाता है। चतुर्थ योग-अभ्यासियों ने कहा कि नहीं, जो प्राण का निदान करता है मानो देखो जो प्राण जैसे स्वतः गति कर रहा है, इस प्राण को ब्रह्मरन्ध्र से क्या मूलाधार से लेकर के नाभि और हृदय और कण्ठ स्वाधिष्ट और मानो त्रिवेणी का जो स्नान करा करके इस मानो आत्मा को ब्रह्मरन्ध्र में ले जाता है, और ब्रह्मरन्ध्र में वो ब्रह्माण्ड का दर्शन करता है। मानो जो ब्रह्माण्ड का दर्शन करता है, विचारता है कि ये ब्रह्माण्ड क्या है ये मेरी माला है। और ये कैसी माला है, मानो जैसे

पूर्व काल के ऋषि-मुनियों ने कहा, क्या तीस (30) लाख पृथ्वियों की माला बना कर के जैसे सूर्य अपने में धारण कर रहा है। मानो देखो एक सहस्त्र सूर्यों की माला बना कर के बृहस्पति अपने में धारण कर रहा है। मानो देखो कहीं तक चले गए अन्त में देखो वो मौन होकर के और वो कहते हैं कि ऋतम्बावरी बनकर के इस ब्रह्माण्ड को अपनी अन्तरात्मा, मानो अपने हृदय में दृष्टिपात करें। एक वह मानो देखो वे बुद्धिजीवी प्राणी होते हैं। मेरे प्यारे! देखो बुद्धिजीवी प्राणियों के कवन्धि के आधार पर मानो देखो, **ये सबसे ऊर्ध्वा में बुद्धिजीवी प्राणी है जो ब्रह्माण्ड को मानो अपने में समेट लेता है और ब्रह्माण्ड उसमें सिमट जाता है।** मानो देखो वे बुद्धिजीवी प्राणी कहलाते हैं। अब मुनिवरो! देखो निम्न कोटि के मैं तुम्हें उन बुद्धिमानों के द्वारा ले जाना चाहता हूँ। ब्रह्मचारी कवन्धि का ये वक्तव्य उन ब्रह्मवेत्ताओं के समाज में प्रस्तुत होने लगा।

उन्होंने कहा कि एक बुद्धिजीवी प्राणी वह है जो अपनी स्थली पर विद्यमान होकर के याग कर रहा है, और याग करता हुआ उसमें नाना प्रकार के साकल्य अग्नि में प्रदान कर रहा है। और उन साकल्यों में से जो तरङ्गें उत्पन्न होती हैं, उन तरङ्गों को वह मानो तरङ्गित करता हुआ अपने में मानो देखो यन्त्रों का निर्माण करता है। यन्त्रों का निर्माण करता हुआ वह यन्त्रों में मानो परमाणुवाद को एक-दूसरे से समन्वय करा रहा है। समन्वय कराता हुआ जैसे अग्नि का परमाणु है उसे जल के परमाणु से समन्वय करा कर के गुरुत्त्व की उसमें पुट लगा देता है। पुट लगा कर के मानो देखो यन्त्रों का निर्माण प्रारम्भ हो जाता है। जब यन्त्रों का निर्माण प्रारम्भ हुआ तो मानो कोई सूर्य लोक का यान का निर्माण किया जा रहा है। कोई चन्द्रमा में जाने के लिए यान यातायात बनाया जा रहा है। मानो देखो कोई समुद्र की तरङ्गों में अपनी यातायात को बना रहा है। कोई समुद्रों की आभा में मानो देखो वह यातायात का एक वृत बना रहा है। मेरे प्यारे! देखो कोई ऐसा यात्री है, कोई ऐसा वैज्ञानिक है, मानो देखो जो अपने यन्त्र में विद्यमान होकर के उड़ान उड़ रहा है, मानो पृथ्वी की उड़ान उड़ी, पृथ्वी से देखो वह चन्द्रमा में

चले गए, चन्द्रमा से उड़ान उड़ी बुध में चले गए, बुध से उड़ान उड़ी शुक्र में चले गए। शुक्र से उड़ान उड़ी तो मानो तो वह मङ्गल में चले गए, मङ्गल से उड़ान उड़ी, तो म्रेतकेतु मण्डल में चले गए, म्रेतकेतु मण्डल से उड़ान उड़ी, कृतिका मण्डल में चले गए, कृतिका मण्डल से उड़ान उड़ी, तो वायुतकेतु मण्डल में चले गए। वायुतकेतु मण्डल से उड़ान उड़ी तो म्रहिवाचुकेतु मण्डल में चले गए, वाचु मण्डल से उड़ान उड़ी उन्होंने बेटा! वासु सम्भूति मण्डल में चले गए। सम्भूति मण्डल से उड़ान उड़ी तो प्रोती मण्डल में चले गए, प्रोती मण्डल से उड़ान उड़ी तो बेटा! वो अरुन्धति में चले गए, अरुन्धति से उड़ान उड़ी तो मुनिवरो! देखो तो वह वशिष्ठ में चले गए। वशिष्ठ से उड़ान उड़ी तो वह मुनिवरो! देखो जेम्केतु मण्डल में चले गए, जेम्केतु मण्डल से उड़ान उड़ी तो सोमकेतु, सोमकेतु मण्डल से उड़ान उड़ी तो मानो देखो वह बेटा! बहत्तर (72) लोकों का यान भ्रमण कर रहा है, और बहत्तर (72) लोकों का भ्रमण करते हुए वह यात्री अपने आश्रम में पुनः प्रवेश कर रहा है। तो मेरे प्यारे! आज मैं तुम्हें उस क्षेत्र में, विज्ञान के युग में नहीं, मैं बुद्धिजीवी जो प्राणी हैं उनकी गणना करा रहा हूँ जो मानो देखो महर्षि, ब्रह्मचारी कवन्धि ने ब्रह्मवेत्ताओं की सभा में अपना निर्णय दिया।

उन्होंने कहा एक बुद्धिमानी, बुद्धिजीवी प्राणी वह है, एक द्वितीय बुद्धिजीवी विज्ञानवेत्ता वह है जो अपने आश्रम में विद्यमान होकर के एक-एक शब्द के ऊपर बेटा! यन्त्रों का निर्माण कर रहा है। मानो देखो एक शब्द उच्चारण हुआ और उसमें वो शब्दों की तरङ्गों को त्याग गया है। वैज्ञानिक विचारता है कि उस महापुरुष के, जो यहाँ विद्यमान रहता था उस महापुरुष के परमाणु गति कर रहे हैं, उस महापुरुष की वाणी गति कर रही है। मानो देखो ऐसे यन्त्र का निर्माण किया मुनिवरो! देखो उनके, वह मानव एक स्थली पर विद्यमान है उसके चले जाने के, प्रस्थान करने के पश्चात्, बेटा! ढाई घड़ी के पश्चात् उस मानव का चित्र यन्त्रों में प्रवेश कर रहा है। तो ये सिद्ध हुआ, क्या **मानव के जो विचार हैं, मानव के जितने तपे हुए विचार होते हैं, वो बहुत समय तक उस स्थली पर भ्रमण करते रहते हैं।** मानो देखो शब्दों

के आकार के रूप में वह और भी यन्त्रावलियों का निर्माण कर रहा है। मानो विचारता एक समय बेटा! एक वेद मन्त्र है, और वेद मन्त्र कहता है **"नमस्याम ब्रह्मे वाचो सम्भवः, लोकम् यथम ब्रह्मे माताः"** विचारता है कि माता के गर्भस्थल में मानो हम जैसे बिन्दु का निर्माण हुआ, मानो देखो निर्माण करने वाला तो प्रभु है, देवताजन् उसकी सहायता कर रहे हैं, माता अपने विचार दे रही है, मानो देखो उन विचारों से वह बाल्य पन रहा है तो शिशु को हम यन्त्रों में लाना चाहते हैं। मानो देखो एक-एक रक्त के बिन्दु से यन्त्रों का निर्माण कर रहा है, और मानव एक-एक रक्त के बिन्दु में उसी मानव का दर्शन कर रहा है जिसके वो रक्त के बिन्दु हैं। तो मेरे प्यारे! एक मानो देखो ब्रह्माण्ड मानव के समीप आ गया, विज्ञानवेत्ता के समीप एक ब्रह्माण्ड आया, क्या एक-एक रक्त के बिन्दु में मानव का चित्र है, मानो देखो हमारे यहाँ मैंने तो बहुत पुरातन काल में निर्णय किया था और मैं–ब्रह्मचारी कवन्धि ने ये कहा के मेरे जो पूज्यपाद गुरुदेव भारद्वाज, रेणावृत्ति भारद्वाज हैं, मानो देखो उनके विद्यालय में मैं अध्ययन करता रहा हूँ, और उनके विद्यालय में अध्ययन करता हुआ, ये सब वाक्य मेरे समीप भी क्रियात्मक रहे हैं, क्या जो मानो देखो हजारों-हजारों वर्ष के किसी अवसर पर कहीं किसी के रक्त का बिन्दु प्राप्त हो गया है, उसी रक्त के बिन्दु के यन्त्र में प्रवेश करने से उस मानव का चित्र भी दृष्टिपात हुआ। मानो देखो मुझे ऐसा स्मरण आता रहा है कि ब्रह्मचारी कवन्धि ने ये अपना निर्णय, अपना वक्तव्य दिया और उन्होंने कहा कि वो मानव बुद्धिजीवी है वह मानव जो आग्नेय अस्त्रों का निर्माण कर रहा है, मानो जलास्त्रों का निर्माण कर रहा है, निर्माण क्यों कर रहा है, उसका क्या स्वार्थ है? तो वो विचारता है कि इस प्रकृति की जितनी जानकारी हो जाये, हम प्रकृति में से कोई सारगर्भित मानो देखो विचारों को अपने में धारण कर सकें। उन विचारों को हम अपने में धारण करना चाहते हैं। परन्तु देखो जिससे हमारा इस संसार से उपराम हो जावे। तो मुनिवरो! देखो विज्ञानवेत्ता राष्ट्र के लिए, मानवता के लिए बेटा! ये बुद्धिजीवी प्राणियों की ब्रह्मचारी कवन्धि ने बेटा! अपनी गणना कराई।

एक बुद्धिजीवी प्राणी वह उन्होंने प्रगट किये हैं, क्या माताओं में कितनी बुद्धिजीविका होनी चाहिए, ऐसा उन्होंने देखो! विचार प्रारम्भ किया। ब्रह्मचारी कवन्धि ने कहा कि मेरी प्यारी माता, जब मैं माता की लोरियों का पान कर रहा था तो माता मुझे दर्शनों का अभ्यास करा रही हैं, दर्शनों की वार्त्ता कह रही हैं, योग की युक्तियाँ प्रगट कर रही हैं। और देखो विज्ञान की वार्त्ताओं में रत्त क्योंकि इससे सिद्ध हुआ क्या मेरी प्यारी माता विद्यालयों में अध्ययन कर रही हैं। विद्यालयों में अध्ययन करती-करती ये विचार देती हैं क्या मैं गृह में प्रवेश करना नहीं चाहूँगी। उन्हें कहती हैं क्या मैं गृह में जाना चाहती हूँ तो ऐसी सन्तान को मुझे जन्म देना है जिस सन्तान से मेरे जीवन का, जीवन की धारा मानो महान् और पवित्र बन जाए। मैं एक ऐसे बाल्य को जन्म देना चाहती हूँ। मानो देखो माता तपस्या कर रही है, अपने गर्भस्थल में शिशु की, शिशु को पनपा रही है और पनपा करके मानो उसे अपनी विचारधारा दे रही है, अपने क्रियाकलापों की प्रतिक्रियाएँ मुनिवरो! देखो वो उसमें परणित कर रही हैं। परणित करके मानो देखो वो बालक माता के गर्भस्थल में गर्भस्थल से पृथक होकर के लोरियों का पान करता हुआ, वही मानो देखो आगे चल करके ब्रह्मवेत्ता और विज्ञानवेत्ता बन जाता है। तो मानो देखो एक वह माता बुद्धिजीवी है, एक वह माता अपने में बुद्धिजीवी बन रही है।

